**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 201**
**03.02.2025 को उत्तर के लिए**

**'मिष्टी' कार्यक्रम**

**201. श्री बस्तीपति नागराजूः**
**श्री केसिनेनी शिवनाथः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2021 से अब तक देश में मैंग्रोव क्षेत्र का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उन राज्यों का ब्यौरा क्या है, जिन्होंने एमआईएसएचटीआई (तटीय आवास और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल) कार्यक्रम के अंतर्गत अपने लक्षित हस्तक्षेप क्षेत्रों का सफलतापूर्वक मानचित्रण और रूपरेखा तैयार की है;

(ग) मैंग्रोव के अंतर्गत राज्य-बार विशेषकर आन्ध्र प्रदेश राज्य से पुनरुद्धार के लिए चिन्हित किए गए क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या किन्हीं राज्यों ने मैंग्रोव वृक्षारोपण अथवा पुनरुद्धार शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य मंत्री :**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार, वर्ष 2021 से देश में मैंग्रोव कवर का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा **संलग्नक-1** में दिया गया है।

(ख) से (घ) वित्तीय वर्ष 2023-24 में शुरू तटीय पर्यावास और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल (मिष्टी) के कार्यान्वयन का उद्देश्य अवक्रमित मैंग्रोव की पुनर्बहाली है, जिसे प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (काम्पा) द्वारा वित्त पोषित किया गया है। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एमजीएनआरईजीएस और अन्य राज्य विशिष्ट स्कीमों/कार्यक्रमों जैसी योजनाओं के अभिसरण से कार्यान्वित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत, आंध्र प्रदेश सहित 06 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने मानचित्रण, परिसीमन, न्यू नर्सरी निर्माण, इको-बहाली आदि कार्यकलापों को शुरू करने के लिए अपनी योजनाएँ प्रस्तुत कीं और वित्तीय वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय प्राधिकरण सीएएमपीए के माध्यम से धनराशि जारी की गई। मिष्टी कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित क्षेत्र और सीएएमपीए से जारी धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा **संलग्नक-2** में दिया गया है।

*****

**संलग्नक-1**

**तालिका: देश में मैंग्रोव आवरण का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा**

**(वर्ग किमी में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **मैंग्रोव आवरण (2021)** | **मैंग्रोव आवरण (2023)** |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 408.42 | 421.43 |
| 2. | गोवा | 29.39 | |
| 3. | गुजरात | 1200,45 | 1164.06 |
| 4. | कर्नाटक | 11.66 | 14.20 |
| 5. | केरल | 9.43 | 9.45 |
| 6. | महाराष्ट्र | 302.70 | 315.09 |
| 7. | ओडिशा | 257.51 | 259.06 |
| 8. | तमिलनाडु | 41.91 | 41.91 |
| 9. | पश्चिम बंगाल | 2117.75 | 2119.16 |
| 10. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 612.94 | 608.29 |
| 11. | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 3.30 | 3.86 |
| 12. | पुदुचेरी | 3.65 | 3.83 |
| | **कुल** | **4999.11** | **4991.68** |

****

**संलग्नक-2**

**तालिका: वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कार्यकलाप वाले क्षेत्रों और मिष्टी के तहत राष्ट्रीय काम्पा के माध्यम से जारी धनराशि का ब्यौरा**

**(करोड़ रुपए में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **जिलों की संख्या** | **क्षेत्र (हेक्टेयर में)** | **प्रथम किस्त के रूप में जारी कुल धनराशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 02 | 2500 | 6.20 |
| 2 | पश्चिम बंगाल | 03 | 478 | 3.74 |
| 3 | केरल | 01 | 13 | 0.666 |
| 4 | पुदुचेरी | 03 | 55 | 1.94 |
| 5 | आंध्र प्रदेश | 06 | 701 | 4.709 |
| 6 | ओडिशा | 04 | 89 | 0.7027 |
| | **कुल** | | **3836 हेक्टेयर** | **17.9617** |

*****